नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 12.01.2021

- आज दिनांक 12.01.2021 को मो0 दिलाजाक में दीन दयाल अत्योंदय राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के उपघटक कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के माध्यम से रोजगार योजना के अन्तर्गत किया गया ड्रेस वितरण समारोह ।

. आज दिनांक 12.01.2021 को मो0 दिलाजाक में दीनदयाल अत्योंदय राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के उपघटक कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के माध्यम से रोजगार योजना के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र शाहजहॉपुर के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थीयो को ड्रेस वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित 150 प्रशिक्षणार्थीयो को ड्रेस वितरण किया गया एवं प्रशिक्षणार्थीयो को जानकारी दी गई कि दीनदयाल अत्योंदय राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के उपघटक कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के माध्यम से रोजगार योजना के अन्तर्गत वह स्वरोजगार एवं वैतनिक रोजगारों हेतु अपनी क्षमता का विस्तार कर सकेगे एवं अपने स्वंय का उद्यम स्थापित कर सकेगे तथा आस–पास के शहरी गरीबो को कुशल बनाने मे सहायता प्रदान कर सकेगे। इस योजना के अन्तर्गत 1100 प्रशिक्षणार्थी का लक्ष्य वर्ष 2019–20 में दिया गया था। जिनके प्रशिक्षण का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थीयो से नगर आयुक्त महोदय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 ऐप के बारे में जानकारी दी गई एवं शाहजहॉपुर को स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में देश में प्रथम स्थान पर लाने के लिये अधिक से अधिक प्रतिभाग करने की अपील की गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ–साथ परियोजना अधिकारी,डूडा श्री अतुल पाठक,शहर मिशन प्रबन्धक श्री प्रभाकर मिश्रा,श्री दीपक सिंह तथा श्री पवन कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।